तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 7 जुलाई 2025

11 शाश्वत स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव



12 प्रेरणा विद्यालय कठिया में हुआ विशेष अतिथि व्याख्यान





# पुरेना की गलियां कीचड़ से सनीं, विकास के दावों की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत धवई के आश्रित ग्राम पूरेना गांव में गलियों की दुर्दशा एक बड़ा सवाल खड़ा करती है क्या वाकई में इस आश्रित गांव में विकास हुआ है। शासन प्रशासन लाख दावा कर ले कि ग्रामीण अंचलों में लोगों को सड़क पानी बिजली और स्वास्थ्य संबंधित व्यवस्था दी जा रही है किंतु जमीनी हकीकत कुछ और ही बया कर रही है।

आजादी के बाद से आज तक आदिवासी बाहुल्य पुरेना गांव की गलियों का हाल-बेहाल है। इस गांव में मात्र तीन गली है और तीनों ही गली कीचड़ और दलदल से भरी हुई है न तो आज तक सीसी रोड बन पाया और न ही पंचायत द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए चलने लायक बजरी डाला गया जिसके चलते कहीं गलियों में पानी भरा हुआ है तो कही दलदल जैसी गलियों में चलने वार्डवासी मजबूर हैं। हालत यह हैं कि आश्रित गांव होने के कारण विकास से कोसों दूर है। और यह गांव विकास के नाम पर कागजों तक ही सीमट कर रह गई है। ग्रामीणों ने बताया कि आदिवासी बाहुल्य गांव होने के बावजूद शासन प्रशासन और न हीं पंचायत कभी भी इस गांव के विकास के लिए रुचि ले रहे हैं। बिजली के तार भी झुके हुए हैं जो हादसे को आमंत्रण दे रहे हैं इनकी भी सुध लेने वाले भी कोई नहीं है।

## न सीसी रोड, न बजरी... कीचड़ में चलने को मजबूर ग्रामीण



### 20 साल में बनी एक सीसी रोड

ग्राम पंचायत के उपसरपंच और पुरेना निवासी तामेश्वर ध्रुव ने बताया कि 650 जनसंख्या वाले इस गांव में 400 मतदाता और तीन वार्ड हैं। तीनों ही गली में सीसी रोड नहीं बना है सीसी रोड बनाने के लिए पंचायत में प्रस्ताव किया गया है। बरसात के दिनों में तीनों गली कीचड़ से लथपथ है। गलियों में ग्रामीणों के चलने लायक बजरी डालने के लिए सरपंच को बोला गया था किंतु अभी तक नहीं डाला गया है। उपसरपंच ने आगे बताया कि इस गांव में 20 साल पहले मेन गली ही सीसी रोड बन पाई है। वह मेन गली भी कीचड़ से सराबोर है। इस संबंध में सरपंच प्रतिनिधि भोलेश ध्रुव ने कहा कि अभी राशि नहीं है जैसे ही राशि आएगा बजरी डाला जाएगा।

### आने-जाने में होती है दिक्कत: ग्रामीण

वार्ड नंबर 08 के निवासी रोशन ध्रुव, प्रीत ध्रुव, भानु ध्रुव, मंतराम ध्रुव, इंदरमन ध्रुव, श्रवण कुमार ध्रुव, युगल ध्रुव, चंपा ध्रुव, रजनी बाई निषाद ने बताया कि दलदल भरी गलियो में आने-जाने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है बारिश में पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं है प्रत्येक पंचवर्षीय में आवेदन दिया गया है लेकिन अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया जाता है किंतु कार्य किया नहीं जाता है कीचड़ व दलदल भरे मार्ग में चलना अब इस गांव के ग्रामीणों की आदत सी बन गई है।

## खबर संक्षेप



### बहनोई के साथ मारपीट

**महासमुंद।** बहनोई के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पिथौरा पुलिस को प्रार्थी जीवन लाल यादव वार्ड क्रमांक 14 बागडपारा पिथौरा ने बताया कि 5 वर्ष पूर्व उसकी छोटी बहन जमुना से झाडू राम ध्रुव ने प्रेम विवाह किया है। उनके दो बच्चे है। उसका बहनोई झाडू राम ध्रुव शराब पीकर बहन से लड़ाई झगड़ा करता रहता है। दो-तीन दिन से उसकी बहन जमुना ध्रुव उसके घर में आकर रह रही है। 5 जुलाई की रात्रि करीब 10.30 बजे झाडूराम ध्रुव शराब पीकर उसके घर आकर गाली गलौज कर रहा था। उसे मना किया तब आरोपी ने प्रार्थी की तर्जनी ऊंगली को दांतों से काट लिया और जान से मारने की धमकी दी। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### टेंट व्यवसायी से मारपीट

**महासमुंद।** टेंट व्यवसाई और उसके दोस्त के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के खिलाफ बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को अरेकेल निवासी व टेंट व्यवसायी मोहनदास ने बताया कि 5 जून को रथ यात्रा में उसका टेंट गांव में ही लगा था, जिसे निकालने के लिए रात्रि करीबन 8.30 बजे अपने दोस्त करन सिदार के साथ अपने वाहन छोटा हाथी को घर से निकालकर मोड़ पर पहुंचा था। इसी दौरान मेरा दोस्त पड़ोसी राजेश साव के छोटे बच्चे को गोद में लेकर बैठने वाला था, जिसे देखकर प्रेमसागर साव ने मेरे भतीजे को क्यों बिठा रहे हो कहकर उसे और उसके दोस्त करन के साथ मारपीट करने लगा। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## मौसम : स्थानीय सब्जियों की पैदावार ठप, मंडियों में भाव आसमान छू रहे

# लवन में बारिश ने बढ़ाई सब्जियों की कीमतें, आम आदमी की थाली महंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

बारिश के कारण स्थानीय सब्जियों की पैदावार लगभग ठप पड़ गई है या फिर खराब हो चुकी है, जिससे मंडियों में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे रसोई का बजट बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। आम आदमी की थाली से हरी ना सब्जियां गायब होने लगी हैं। भावों में एकदम से इतना उछाल आया है कि कम आय वाले परिवारों के लिए हरी सब्जी खरीदकर खाना मुश्किल हो रहा है।

मानसून की पहली बारिश ने जहां एक ओर गर्मी से राहत दिलाई है, वहीं दूसरी ओर इसने आम आदमो की जेब पर भारी बोझ डाल दिया है। लगातार हो रही वर्ग के कारण स्थानीय सब्जियों की पैदावार लगभग ठप पड़ गई है या फिर खराब हो चुकी है, जिससे मंडियों में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों से आने वाली सब्जियों पर निर्भरता बढने के कारण कीगतों में बेतहाशा बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे रत्तोई का बजट बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

## भिंडी, करेला, टमाटर समेत मसालों में भी भारी बढ़ोतरी



### रूला रहे मसाले

सब्जियों के साथ-साथ मसाले ने भी उपभोक्ताओं को रुला दिया है। पिछले दो दिनों में लहसुन के दाम में 20 रुपये की बढ़ोतरी हुई है, जिससे वह अब 110 रुपये प्रति किलो के आसपस बिक रहा है। अदरक 45 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गया है और धनिया के दामों में भी तेजी बनी हुई है। थोक कारोबारियों का अनुमान है कि अगले हफ्ते तक बाजार में सब्जियों की कीमतें और बढते की संभावना है।

### बिचौलिए भी महंगाई के जिम्मेदार

वर्तमान में टमाटर की अधिकांश आवक कर्नाटक से हो रही है। थोक बाजार में 24 रुपये से 26 रुपये प्रति किलो खुलने के बावजूद फुटकर बाजार में पहुंचते-पहुंचते टमाटर 35 रुपये से 45 रुपये प्रति किलो के आसपास बिक रहा है। यह दर्शाता है कि परिवहन लागत और बिचौलियों का मुनाफा भी कीमतों को बढ़ाने में एक बड़ा कारक है।

### आलू-प्याज में भी आई वृद्धि

स्थिर समझे जाने वाले आलू और प्याज की कीमतों में भी मानसून के कारण 5 रुपये से 10 रुपये प्रति किलो की तेजी दर्ज की गई है। ये दोनों सब्जियां अभी 25 रुपये से 30 रुपये प्रति किलो पर बनी हुई है, लेकिन थोक कारोबारियों के अनुसार अगले कुछ दिनों में इनके फुटकर भाव में 5 रुपये तक की और तेजी संभावित है।

### महंगे हुए भिंडी-करेला

साप्ताहिक बाजार में सब्जियों की कीमतों में सबसे बड़ा उछाल टमाटर में देखने को मिला है। जो टमाटर पिछले हफ्ते तक 30 रुपये प्रति किलो बिक रहा था, अब वह 40 रुपये प्रति किलो के भाव पर बिक रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसके फुटकर दाम नें और तेजी आ सकती है। इसी तरह, भिंडी के दामों में भी जबरदस्त उछाल आया है। कुछ दिन पहले तक जिसे 20 रुपये किलो में कोई पूछने वाला नहीं था, वही भिंडी अब 40 रुपये से 50 रुपये प्रति किलो बिक रही है। करेला भी 50 रुपये से 60 रुपये प्रति किलो के भाव पर पहुंच गया है, जिससे यह आम आदमी की थाली से दूर होता जा रहा है।

# ग्राम कारी में सतनामी समाज ने पंचायत पर लगाया भेदभाव का आरोप

## तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

ग्राम पंचायत कारी में सतनामी समाज ग्राम पंचायत के द्वारा किये जा रहे एकपक्षिय कार्यवाही से नाराज होकर 05 जुलाई शनिवार को तहसीलदार लवन को ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि ग्राम पंचायत कारी में सतनामी समाज के लोग विगत 40 वर्षों से मकान व खेत बाड़ी बनाकर उस पर जीवनयापन करते आ रहे है। जिसके संबंध में तहसीलदार लवन के द्वारा नोटिस दिया जाता है, और उक्त नोटिस पर सतनामी समाज के लोग जुर्माना भी भरते आ रहे है। ग्राम कारी के सतनामी समाज के लोगों का कहना है कि हम लोगों के ऊपर जातिगत दुर्भावना से प्रेरित होकर यहाँ के ग्राम पंचायत के द्वारा एकतरफा कार्यवाही किया जाता है।

- 40 वर्षों से रह रहे परिवारों को हटाने की कार्रवाई पर जताई आपत्ति

पंचायत के द्वारा हर वर्ष धान की फसल को चराकर कुछ सतनामी भाईयों का बेजा कब्जा भी हटवाया जाता है, जिससे हर वर्ष उनका आर्थिक क्षति होना बताया गया। यहाँ तक भूतपूर्व सरपंच मुक्तावन बंजारे ने सन 2000 में ग्राम पंचायत का प्रस्ताव तैयार कर स्व. जीवराखन पिता आगन पुरेना को 80 डिसमिल जमीन विकलांग होने के चलते उनके जीवनयापन के लिए दिए थे, ▶▶ शेष पेज 11 पर

### ये रहे उपस्थित

ज्ञापन सौंपने के दौरान भागवत पुरेना अध्यक्ष, बुधारू कोशले उपाध्यक्ष, दिक्षित डहरिया सचिव, मुकेश कुमार, सोनसाय, धनकुमार, मोहनलाल, चैतुराम, राजेश, रजनी डहरिया, मानकी, पुनिया, पुष्पा, गंगा पुरेना, प्रभा डहरिया, जगरी पुरेना, चन्दूराम, धनंजय, बगस, अशोक, दीपक, मनोहर, खिलावन, अकलेश, नरसिंग, नरेन्द्र पुरेना, रामदास, बुधारू, धनसाय डहरिया, बिसहत सतनामी, जगमोहन, अजीत कुर्रे, दिलीप कुर्रे, फंदी डहरिया उपस्थित थे।

### नहीं हुई एकपक्षीय कार्रवाई: सरपंच

सभी समाज के लोगों का बैठक रखा था। जिसमें सतनामी समाज के लोग भी पहुंचे हुए थे। किसी भी जाति विशेष पर एकपक्षीय कार्यवाही नहीं हुई है। ग्रामसभा में प्रस्ताव के आधार पर अवैध कब्जा हटाने के लिए लवन तहसीलदार को आवेदन दिया गया है।

-गीताराम रजक, सरपंच ग्राम पंचायत कारी

### अन्य कब्जाधारियों पर कार्रवाई नहीं होने से समाज में बढ़ा रहा असंतोष

कारी गांव के इन जगहों पर है शासकीय भूमि पर कब्जा तिल्दा धरसा, पंचायत भवन की चारो तरफ, पूर्व रावणभाठा बंधवा तालाब के चारो तरफ, चिरपोटा धरसा मेन रोड, चमरिन तालाब के चारो तरफ, स्कूल ग्राउंड के चारो तरफ, बुद्धूराजपुत जोगी डबरी के चारो तरफ, आंगनबाड़ी केन्द्र 2 के सामने से भवना पुलिया तक शासकीय भूमि स्थित है। उपरोक्त जगहों पर गांव के अधिकांश लोगों का कब्जा है, लेकिन इन जगहों पर से ग्राम पंचायत के द्वारा कब्जा नहीं हटाया जा रहा है। केवल दुर्भावनावश हम लोगों के खिलाफ ही कार्यवाही किया जा रहा है। सतनामी समाज के लोगों का कहना है कि गांव के समस्त शासकीय भूमि का सीमांकन कराकर शासकीय भूमि पर किये गये सभी कब्जाधारियों पर सामान कार्यवाही की मांग किया गया।

## रोपाई बियासी का काम शुरु...



**मुंडा|** ग्राम पंचायत जुड़ा के आसपास क्षेत्र में लगातार दो-तीन दिन से रिमझिम बारिश होने के चलते रोपाई बियासी की काम की शुरुआत होने से मजदूरों को काम मिल रहा है |

# अनियंत्रित कार की टक्कर से बुजुर्ग महिला हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

रविवार की शाम 4 बजे नेशनल हाईवे 130 बी कसडोल नगर के आईएफसी रेस्टोरेंट के समीप भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक बुजुर्ग महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक कसडोल नगर के पारस नगर सेक्टर 2 निवासी रामायण बाई उम्र 65 साल पति घनश्याम दिव्याकार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।

- चालक हादसे के बाद मौके से फरार



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जांजगीर चांपा से रायपुर जा रही स्विफ्ट डिजायर सीजी 04 एनएम 2779 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चल रही महिला को टक्कर मार दिया वही स्विफ्ट डिजायर तीन बार पलट भी गया। इस हादसे में स्विफ्ट डिजायर में बैठे वाहन चालक विनय सोनी और वाहन मालिक विशाल ख़ैलवाल को मामूली चोटें आई वही हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद कसडोल पुलिस घटना स्थल ▶▶ शेष पेज 11 पर

## भारत माता के सपूत को किया नमन, प्रतिमा पर माल्यार्पण कर याद किए गए योगदान

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धे डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में एक श्रद्धांजलि सभा रखकर उन्हें याद करते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया।

- एक देश, एक विधान का सपना साकार करने वाले विचार पुरुष को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय केसरवानी ने कार्यकर्ताओं को बताया कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को आशुतोष मुखर्जी के घर हुआ था डॉ श्यामा प्रसाद अपने माता-पिता की दूसरी संतान थे डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बुद्धि एवं प्रखर विद्वान एवं उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद वे कोलकाता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने एवं कुलपति के दायित्व का दो बार निर्वाहन किया कुलपति रहते हुए उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अनेक सुधार किये उस समय हम अंग्रेज़ो के अधीन थे उन्होंने शिक्षा को स्वाभिमान के साथ जोड़ा उन्होंने ▶▶ शेष पेज 11 पर



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन जिला पंचायत बलोदा बाजार भाटापारा की अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष नंदकुमार साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश केसरवानी, नीलम सोनी, जिला मंत्री सुनीता वर्मा, शहर मंडल के अध्यक्ष राकेश ध्रुव, सुशीला वर्मा राहुल सोनी, सरिता मार्के, धनीराम मार्के, तरुण वर्मा, हरि सेन, धनेश्वरी वर्मा, अंशु ताम्रकार, पार्षद अमितेश नेताम, हरिश्चंद्र वर्मा, तामेश्वर वर्मा, शहर महामंत्री संजय श्रीवास, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पंडित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का जन्म दिवस उन्हें श्रद्धांजलि देकर मनाई।

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302

## खबर संक्षेप



### पंजा कुश्ती में टिकेश्वर ने जीता गोल्ड मेडल

**महासमुंद।** केरल राज्य में आयोजित पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में टिकेश्वर सिन्हा ने गोल्ड मेडल जीता। इस जीत पर पूर्व सभापति हेमंत डड़सेना, सरपंच सरिता चूड़ामनी डड़सेना, गेंद राम जोशी, देवा सिन्हा, सरजू निषाद, पालेश्वर सिन्हा, महेश भगत, सोहन यादव एवं सभी ग्रामवासियों ने हर्ष जताया है।



### गुरु का हमारे जीवन में महत्व विषय पर हुई निबंध प्रतियोगिता

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में गुरु पूर्णिमा पर गायत्री परिवार के सहयोग से गुरु का हमारे जीवन में महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 13 और 10वीं से 03, इस प्रकार कुल 16 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा 10वीं की चांदनी साहू एवं चित्ररेखा साहू ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9वीं कीलिसा ने द्वितीय स्थान तथा कक्षा 10वीं की गरिमा टंडन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विशेष रूप से चांदनी साहू का चयन ब्लॉक स्तरीय निबंध प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जो विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को विद्यालय के प्राचार्य भारत साहू एवं समस्त स्टाफ ने हर्ष जताया है।

### चातुर्मास में रामचरित मानस का पाठ अवश्य करें

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद ने बताया कि 6 जुलाई से देवशयनी एकादशी से चातुर्मास प्रारंभ हो गया। हरिशयनी एकादशी के बाद चार माह कोई भी मांगलिक कार्य वर्जित है। इस वर्ष चातुर्मास देवशयनी एकादशी 6 जुलाई से प्रारंभ होकर 1 नवम्बर देवउठनी एकादशी तक 119 दिनों की है।

**मरम्मत : कलेक्टर दीपक सोनी ने लिया संज्ञान, पीडब्ल्यूडी ने तेज किया कार्य**

# हरिभूमि की खबर पर हुई कार्रवाई, गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग पर मरम्मत कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी




शिवरीनारायण पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही आई सामने
पहली बारिश में खुली गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग की पोल

खबर का असर

गिधौरी -शिवरीनारायण मार्ग की खस्ताहाल सड़क की और वाहन चालक एवं राहगीर परेशान थे विभागीय अधिकारी एक्शन नहीं लिया जा रहा था। हम बताना चाहते है की गिधौरी से शिवरीनारायण जाने वाली सड़क की जो तस्वीर है पल-पल बडी दुर्घटना को आमंत्रण दिया जा रहा था सड़क की लम्बी समय से खस्ता हालत की लोग आसु बहा रहे थे सड़क पर जगह जगह बडे-बडे जानलेवा गड्ढे और सड़क गड्ढों में तब्दील हो गया था। सड़क निर्माण व समय पर मरम्मत नही होने से राहगीरों एवं ग्रामीणों परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है की इस मार्ग पर चौबीसों घंटे आवाजाही लगा रहता है और गिधौरी -शिवरीनारायण मार्ग से नेता मंत्री से लेकर अधिकारी भी दिन में कई बार गुज़रते है इस सडक मार्ग पर वाहनों का भारी आवागमन रहता है लेकिन इस मार्ग पर बने जानलेवा गड्ढे की वजह से आम राहगीरों सहित वाहन चालको भारी परेशानी का सामना करना पडता है सड़क के इन गड्ढो को बचाने के चक्कर मे आये दिन वाहन चालक एवं राहगीर गिरकर चोटिल होते रहते है।गिधौरी से शिवरीनारायण बिलासपुर, जांजगीर चांपा, कोरबा, कटघोरा, रतनपुर सहित कई अंचल के गांवों को जोडती है। यही मुख्य मार्ग है। इस मार्ग की जर्जर और खस्ताहाल सडको से प्रशासन एवं विभागीय अधिकारी पुरी तरह से बेखबर थे और आये दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है।

क्षेत्र के लोगों द्वारा बार बार शिकायत करने के बाद भी पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी जर्जर और खस्ताहाल सड़कों की सुध नहीं ले रहे है। जिससे क्षेत्र के ग्रामीण लोगों में आक्रोश व्याप्त है क्योंकि यह सड़क मार्ग जिला सहित अन्य राज्य को जाने कि लिए मुख्य सड़क मार्ग है सामान लेकर जाने वाली वाहनों को काफी परेशानी हो रही है कई बार मोटरसाइकिल एवं ई रिक्शा पलट गया था और उसमें सवार यात्री बच्चे सहित लोग घायल हो चुका है, बड़े-बड़े गड्ढे पर लोग जान जोखिम में डालकर इस जगह पर गुजर रहे हैं अभी तो बरसात का शुरुआती है और भारी बरसात में गिधौरी और शिवरीनारायण मार्ग की सड़क का कुछ क्या हाल होगा ये सोचने वाली बात है मगर अधिकारी को समझ में नहीं आ रहा है विभाग द्वारा ठेकेदार को बोलने में आनन-फानन में पत्थर चुरा डालकर मरहम-पट्टी लगाकर अपना खानि पुर्ति करते हैं और दो चार दिनों में सड़क का हाल उखड़कर बेहाल और जर्जर होकर बड़े-बड़े गड्ढे बनकर कुआं जैसे पोखर में तब्दील हो जाते हैं वाहन में सफर करना तो दुर पैदल चलना दुभर हो गया है।

लगातार ग्रामीणों को खस्ताहाल एवं कीचडमय सडक की समस्याओं का सामना करना पड रहा है। गिधौरी -शिवरीनारायण सड़क जर्जर की खबर हरिभूमि ने दिनांक 28 मई पहली बारिश में खुली गिधौरी -शिवरीनारायण मार्ग की पोल एवं दिनांक 21 जुन को प्रकाशित गिधौरी -शिवरीनारायण सडक के गड्ढो में भरा बारिश का पानी, राहगीर है परेशान, तथा दिनांक 3 जुलाई को गिधौरी -शिवरीनारायण मार्ग गड्ढे में तब्दील, भरा पानी, दुर्घटना को आमंत्रण की खबर प्रकाशित एवं दिनांक 6 जुलाई को गिधौरी -शिवरीनारायण मार्ग जर्जर, फ़स रहे कई वाहन की लगातार प्रकाशन के बाद बलौदाबाजार शासन प्रशासन की नजर पडी और बलौदाबाजार कलेक्टर ने संज्ञान लेते हुए गिधौरी -शिवरीनारायण रोड में डब्ल्यूएमएम कार्य शुरू करने के निर्देश दिया गया है।

### गिधौरी-शिवरीनारायण रोड में डब्ल्यूएमएम कार्य शुरु

बलौदाबाजार जिले में जर्ज़र एवं क्षतिग्रस्त सड़कों के मरम्मत का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा तेजी से कराया जा रहा है। इसी क्रम में गिधौरी -शिवरीनारायण का डब्ल्यूएमएम कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा शुरु कर दिया गया है। इसी तरह सुहेला -हिरमी रोड में कथरोद रोड का पैच रिपेयर किया जा रहा है।

### कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

कलेक्टर दीपक सोनी ने जर्जर और क्षतिग्रस्त सड़कों का मरम्मत तेजी से करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिये हैं। कार्यपालन अभियंता अनुज शर्मा ने बताया कि सड़क मरम्मत हेतु बजट आवंटन प्राप्त हुआ है। प्राथमिकता अनुसार सड़कों का मरम्मत कार्य जल्द शुरु किया जाएगा।

## बियासी कार्य...



**नर्रा।** मानसून सक्रिय है। शनिवार शाम से शुरू हुई बारिश रातभर होती रही। वहीं रविवार को भी अच्छी बारिश हुई। अब खेती किसानी कार्य में तेजी आएगी। ज्ञात हो कि क्षेत्र में जो किसान आषाढ़ के शुरूआती दौर पर धान की बुआई कर चुके है, उनकी धान फसल बियासी करने लायक हो गई है। क्षेत्र में अच्छी बारिश होने से उतार खेतों के अलावा बाहरा नार खेत में पानी का भराव होने से बियासी कार्य शुरू हो गया है। साथ ही रोपाई कार्य में गति आयेगी। अभी भी धान की बुआई कार्य जारी है।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे की आज रायपुर में होगी महासभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- संविधान महासभा में सभी को शामिल होने किया आग्रह

जिला पंचायत सदस्य मोक्ष कुमार प्रधान ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष आगामी 7 जुलाई सोमवार को सुबह 11 बजे रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे किसान-जवान-संविधान महासभा को संबोधित करेंगे। साथ ही फेल हुई सांय-सांय की डबल इंजन की सरकार की नाकामी को बताएंगे। डबल इंजन की सरकार में किसान, नौजवान सब ठगा सा महसूस कर रहे है। किसानों को उनकी फसल का उचित दाम हो या युवाओं को रोजगार की बात हो सब केवल पोस्टर बनकर रह गया है। आज इस सांय-सांय की सरकार में कोई सुरक्षित नहीं है, चाहे किसान हो, जवान हो या फिर संविधान। सब असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कहने को डबल इंजन की सरकार है, लेकिन दोनों इंजन फेल चल रहा है। इन सभी समस्या व आम जनता की परेशानी को देखते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष जन सभा को संबोधित करने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंच रहे हैं। उन्होंने बसना विधानसभा के किसान, नौजवान से किसान, जवान, संविधान महासभा में शामिल होकर अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता प्रदान कर इस महालड़ाई में सहयोग देने की अपील की है।



## अलका ने नेत्रहीन विद्यालय में मनाया गया सांसद रूपकुमारी का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- विद्यालय के छात्रों को फल, मिठाई व बिस्कुल बांटे

लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी का जन्मदिन अल्का नरेश चंद्राकर ने फॉर्चून नेत्रहीन विद्यालय में भव्य आयोजन के बीच मनाया। विद्यालय के बच्चों द्वारा गीत संगीत के माध्यम से सांसद को जन्मदिन की बधाई दी और केक काटकर छात्रों को फल मिठाई बिस्कुट वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अलका चंद्राकर ने कहा कि बड़े खुशी की बात है कि हम करमापटपर स्थित नेत्रहीन विद्यालय में हम सांसद का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मना रहे हैं। पूरे छात्र-छात्राओं, प्राचार्य, स्टाफ, भाजपा कार्यकर्ताओं की तरफ से सांसद को जन्मदिन की बधाई देते हुए माता चंडी मां खल्लारी से उनके दीर्घायु व स्वस्थ प्रसन्न रहने की कामना एवं उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करते हैं। इस अवसर पर अलका चंद्राकर नरेश चंद्राकर, पिलेश्वर पटेल, जसराज चंद्राकर, नरेंद्र बग्गा, डाली डिंपल ध्रुव, हेमंत तिवारी, रूपेश साहू, कोमल साहू सहित स्कूल के डायरेक्टर निरंजन साहू, लक्ष्मी प्रिया साहू, रश्मि साहू, भूमिका यादव, पुष्प लता पटेल, वर्षा चक्रधारी, ललित नागेश, धनेश्वरी नागेश, देवकी यादव सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## मरार कसहीबाहरा में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**महासमुंद।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत मरार कसहीबाहरा में विशेष ग्राम सभा का किया गया। सभा का शुभारम्भ शाकंभरी माता व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया। सभा में गांव के विकास व समस्याओं को लेकर सरपंच संगीता गुणनिधि पटेल सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणजनों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। जहां चर्चा में प्रमुख रूप से गांव के लोगों को शासकीय योजनाओं का विशेष लाभ मिले, इस चर्चा, परिचर्चा के साथ गांव नशामुक्ति को लेकर पूर्ण शराबबंदी, शासकीय हाईस्कूल भवन निर्माण के आलावा स्वास्थ्य, शिक्षा व्यवस्था में विशेष सुधार का कार्य व आयुष्मान कार्ड बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही बारिश के समय को ध्यान में रखते हुए सरपंच ने पौधरोपण, गांव की साफ सफाई एवं पेयजल व्यवस्था को सुचारू रूप से कराने ग्रामीणों से अपील भी की। इस अवसर पर उपसरपंच भेखराम साहू, पंचायत सचिव नेमीचंद साहू, हाईस्कूल व्याख्याता शोभा गुप्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता निखिल चंद्राकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दामिनी साहू, पिनिता साहू, मितानिन बालकुमारी साहू, नेमलता साहू, सक्रिय महिला के सदस्य, ग्राम विकास समिति के पदाधिकारियों में ढेलूराम साहू, तिलक साहू, सतीश साहू, पोखन साहू, कृपाराम साहू, देवकराम साहू, ओमप्रकाश साहू, नेतराम पटेल, पूर्व सैनिक भेखराम पटेल, देवानंद साहू, नीलकंठ पटेल, खिलेश साहू, संतराम पटेल, कमलनारायण साहू, नोशन पटेल संहित वार्ड पंचगण व ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## श्यामाप्रसाद की मनाई गई जयंती

**महासमुंद।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक व अखंड भारत के प्रणेता डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई को मनाई गई। भाजपा शहर मंडल के शिवशक्ति केंद्र बूथ क्रमांक 181 में मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्रहित में उनके योगदान का स्मरण किया गया। पूर्व पार्षद व मंडल महामंत्री मीना वर्मा ने मुखर्जी द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत के कल्पना के साथ राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए किए संघर्षों को बताते हुए कहा कि एक देश में दो संविधान, दो निशान और दो प्रधान के विरोध में भारत देश के अभिन्न अंग कश्मीर में लागू परमिट सिस्टम को खत्म करवाने के लिए संघर्ष करते हुए श्यामाप्रसाद ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। मुखर्जी के संघर्षो और कार्यों के कारण ही देश को कई टुकड़ों में विभाजित होने से बचाया जा सका है। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, सारिका यादव, समीर करकसे, भगवती साहू, कुंती सिन्हा, पद्मिनी सोना, राजकुमारी निषाद, दुर्पति नायक, अनिता ठाकुर, कुमारी निषाद, जीवन सिन्हा, विनय वर्मा सहित बड़ी स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता और नागरिकगण उपस्थित रहे।



## बागबाहरा में विश्व आदिवासी दिवस मनाने सर्व आदिवासी समाज की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छग सर्व आदिवासी समाज जिलाध्यक्ष थानसिंग दीवान की अध्यक्षता में 05 जुलाई शनिवार को आवश्यक बैठक फॉरेस्ट रेस्ट हाऊस में हुई। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष कल्याण सिंह बरिहा, प्रदेश संयुक्त सचिव मनोहर ठाकुर, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डॉली ध्रुव विशेष रुप से उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित समाजजन द्वारा सामाजिक मुद्दों व समाज से संबंधित विषयों पर चिंतन-मनन किया गया। जिसमें पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार जिला स्तरीय 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस बागबाहरा में, 24 जून रानी दुर्गावती बलिदान दिवस महासमुंद में, 15 नवंबर बिरसा मुंडा जंयती बसना में, 10 दिसम्बर शहीद वीरनारायण सिंह शहादत दिवस पिथौरा तथा 26 दिसम्बर आदिवासी महासम्मेलन वीरघाटी-सिंघोड़ा (सरायपाली) में मनाए जाने के लिए प्रस्तावित किया गया है।



उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित 9 अगस्त को प्रत्येक वर्ष विश्व आदिवासी दिवस समारोह को मनाते हैं। परन्तु इस वर्ष 9 अगस्त 2025 को रक्षाबंधन का त्योहार होने की वजह से अगस्त में ही कोई अन्य तिथि में बागबाहरा मंडी परिसर में विश्व आदिवासी दिवस समारोह मनाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने सभी आदिवासी समाज के विभिन्न जाति के समाज प्रमुखों व जिलाध्यक्षों से संपर्क कर कार्यक्रम में सहभागिता के लिए निवेदन कर आमंत्रित किया जाएगा। बागबाहरा में विश्व आदिवासी समारोह की तैयारी व रुपरेखा के लिए आगामी बैठक 12 जुलाई 2025 को बागबाहरा में ही किया जाएगा।

इस बैठक में युवा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष लेखराम दीवान, जिला सचिव विनोद दीवान, जिला कोषाध्यक्ष सहदेव ध्रुव, सलाहकार मनराखन ठाकुर, पिथौरा ब्लाक अध्यक्ष गोलू रावल, बागबाहरा ब्लाक अध्यक्ष लोकेश दीवान, ब्लाक उपाध्यक्ष अंजोर ठाकुर, ब्लाक कोषाध्यक्ष राम कुमार ठाकुर, भूषण सिंह बरिहा, पार्षद सरिता दीवान, युवा प्रकोष्ठ बागबाहरा ब्लाक अध्यक्ष उमेश कुमार दीवान, हरीश दीवान, सुकालू राम बरिहा, लव कुमार दीवान, हरिहर दीवान, लोकनाथ ध्रुव, भूषण दीवान, राजेश दीवान, यदुवेंद्र कुमार ध्रुव, नोहर बरिहा, ओकेश्वर दीवान सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के देवतुल्य सगाजन उपस्थित रहे।

## खट्टी में संयुक्त रूप से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय कन्या उच्च प्राथमिक शाला एवं प्राथमिक शाला खट्टी का शाला प्रवेशोत्सव प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी गौरवपूर्ण ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामभरोसा साहू उपाध्यक्ष शाला विकास समिति कन्या खट्टी, अध्यक्षता भागवत जगत भूमिल प्रधान पाठक कन्या उच्च प्राथमिक शाला खट्टी, विशेष अतिथि के रूप में श्रीकांत शर्मा, लीना पांडेय, लखन लाल विश्वकर्मा, विनय कुमार साहू, नारद पटेल उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की पावन वंदना से किया गया। अतिथियों द्वारा पूजन अर्चन की गई। शाला प्रवेशोत्सव के संबंध में चर्चा करते हुए विशेष अतिथि के आसंदी से बोलते हुए श्रीकांत शर्मा ने कहा कि बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं, जो जैसा सिखाओगे वह वैसा हो जाता है। इसी कड़ी में प्राथमिक विद्यालय की प्रधान पाठक लीना पांडेय ने कहा कि विद्यालय टकसाल की तरह कार्य करते हैं। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक अभिषेक सालोमन ने अपने विचार रखते हुए कहा की बच्चे हमारे देश का भविष्य है, हमें उनकी शिक्षा में समुचित ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उच्च प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक एवं नवाचारी शिक्षक भागवत जगत भूमिल ने प्रवेशोत्सव का महत्व रेखांकित करते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों को बाल केंद्रित शिक्षा दी जा रही है। जिससे बच्चों के अंदर का भय दूर हो गया है। और बच्चे अब मन की बात बेझिझक बोल रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामभरोसा साहू ने प्रवेशोत्सव में बोलते हुए शत प्रतिशत उपस्थिति पर जोर देते हुए कहा कि रोज-रोज अभ्यास करने से मनुष्य को लक्ष्य से भटका नहीं सकता। हमें अपना संस्कार कभी नहीं भूलना चाहिए। प्रवेशोत्सव के अवसर में विद्यालय को दुल्हन की तरह सजाया गया था। बच्चों को पुस्तक और यूनिफार्म का गिफ्ट पैक बनाया गया।




बच्चों को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर कर नौनिहालों का स्वागत किया गया। शासकीय कन्या उच्च प्राथमिक शाला से 80 बच्चों को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में भाग लिए थे, उन सभी बच्चों को आज के कार्यक्रम में प्रशस्थी पत्र प्रदान किया गया। एक बात विशेष उल्लेखनीय है कि शासकीय कन्या शाला खट्टी से पूरे विकासखंड में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर जया पटेल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सर्व रामभरोसा साहू, कांत शर्मा, लीना पाण्डेय, लखन लाल विश्वकर्मा, नारद पटेल, विनय कुमार साहू, नारद पटेल, अभिषेक सालोमन, त्रिवेणी चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर, उमाशंकर चंद्राकर, सिराज बक्स, अंजुम शेख, सुनीता ध्रुव, संगीता धुरंधर, देव कुमारी साहू, सुचिता लकड़ा, गंगा राम साहू, सेवती मानिकपुरी, लक्ष्मी ध्रुव सहित विद्यालय में अध्ययनरत सैंकड़ों बच्चे विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक सिराज बक्स एवं आभार प्रदर्शन शासकीय कन्या उच्च प्राथमिक शाला के वरिष्ठ शिक्षक अभिषेक सालोमन ने किया। उपरोक्त जानकारी उमाशंकर चंद्राकर ने दी है।

## भाजपा सरकार खल्लारी के विकास के लिए प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधानसभा भाजपा प्रत्याशी अलका चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की सरकार खल्लारी विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विष्णु का सुशासन मोदी की गारंटी के तहत सभी वर्गों के लिए गांव गरीब किसान मजदूर युवा महिला व्यापारी सबके हित की चिंता करती है।

भाजपा का मूल मंत्र अंत्योदय एवं सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास सबका विश्वास को साथ लेकर चलती है। आज खल्लारी विधानसभा में करोड़ों के विकास कार्य भारतीय जनता पार्टी के सरकार में स्वीकृत हुआ है। एमकेबाहरा छूहिया अरंड में हाईस्कूल भवन निर्माण के लिए 75.23 लाख प्रत्येक, तेंदूकोना में महाविद्यालय भवन के लिए 456 लाख, कस्तूरबा आवासीय छात्रावास एवं खेल मैदान हेतु 300 लाख, ओपन स्टेडियम निर्माण हेतु 137 लाख, पीएम उषा स्मार्ट कॉलेज हेतु 265.61 लाख, छुहीया-फिरंगी मार्ग सड़क पुल पुलिया निर्माण के लिए 670 लख रुपए, परसूली बनियातौरा मार्ग हेतु 281 लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं। जिनमें निविदा प्रक्रिया जारी है एवं शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। छुहिया फिरंगी मार्ग ओपन स्टेडियम कार्य प्रारंभ है।

# सड़कों पर झुंड में बैठी गौमाता बन रही दुर्घटनाओं का कारण, गौठानों की उपेक्षा पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

रायपुर बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर झुँड मे मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है जिनसे वे भारी वाहनो की स्पीड से ठोकर लगने से काल के गाल मे समा रहे हैं, आए दिन मवेशियों के टक्कर से सड़क दुर्घटनाओं की खबरे मिलती है जिसमे दुपहिया वाहन चालको की भी मृत्यु हो जाती है, घायल होना सामान्य बात हो गई है।

बरसात के दिनो में फिसलन भरी सड़को पर स्पीड वाहनो को कँट्रोल करना मुश्किल होता है जिनसे दुर्घटना की सँभवनाए भी बढ जाती है, जिम्मेदारो को इस कार्यवाही करने की आवश्यकता है वही पशुपालक अपने मवेशी को लेकर गँभीर नही है। उधर पूर्व सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बारी के जरिए गोठानो मे मवेशियों की व्यवस्था हो जाता था अब वह स्थिति नही है मवेशी सड़को पर झुँड मे बैठे रहते हैं।

**गौठानों की उपेक्षा ने उजागर की सरकार की नाकामी :** मवेशियों की दुर्दशा देखकर परसाडीह निवासी काशी घृतलहरे ने दुख जताया है उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार को सत्ता संभाले 19 माह बीत चुके हैं, लेकिन इन 19 महीनों में प्रदेश ने विकास की दिशा में प्रगति से अधिक गिरावट का अनुभव किया है। पूर्व की भूपेश बघेल कि नेतृत्व वाली सरकार द्वारा शुरू की गई /"नरवा, गरुवा, घुरवा, बारी योजना का महत्वपूर्ण हिस्सा गौठान योजना, जिसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पशुधन संरक्षण का आधार स्तंभ कहा गया था, आज भाजपा सरकार की बेरुखी के कारण बर्बादी के कगार पर है।

## नरवा-गरवा योजना की अनदेखी से मवेशी सड़कों पर, हादसों में हो रही वृद्धि

### गौठान योजना से हुए थे ये बड़े फायदे


पशुधन की सुरक्षा, महिलाओं को रोजगार, गोबर खरीदी व वर्मी कम्पोस्ट, जैविक खेती को बढ़ावा पर्यावरण संरक्षण, ग्राम स्तर पर स्वच्छता और सामाजिक समरसता।



### गौठानों की दशा: योजना से बंजर भूमि तक

उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार के समय हर ग्राम पंचायत में एक गौठान का निर्माण किया गया था, जहाँ आवारा मवेशियों को सुरक्षा, देखभाल, और आहार-पानी की व्यवस्था मिलती थी। सरकारी जमीन चिन्हांकित कर संरक्षित स्थान बनाए गए थे, जहां गौ सेवा के साथ महिला स्व-सहायता समूहों को भी रोजगार मिलता था। लेकिन भाजपा सरकार ने इन गौठानों को बंद करने जैसा रवैया अपनाते हुए उन्हें उपेक्षा और बदहाली में छोड़ दिया। आज स्थिति यह है कि सड़कों पर गौ माता दुर्घटनाओं का शिकार हो रही हैं।किसान आवारा पशुओं से परेशान हैं, उनकी फसलें बर्बाद हो रही हैं। कई लोगों की जानें सड़क दुर्घटनाओं में जा चुकी हैं। गौठानों में लगे सामान सड़ रहे हैं, और स्थान बंजर भूमि में बदलते जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### अवैध रेत परिवहन पर कड़ी कार्रवाई, 5 हाईवा वाहन जब्त

**महासमुंद।** अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में खनिज विभाग की कार्रवाई सतत जारी है। इसी क्रम में संयुक्त टीम द्वारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मोहकम में रेत का अवैध परिवहन करते हुए 5 हाईवा वाहन को जब्त किया। सभी वाहनों को जब्त कर सुरक्षार्थ तुमगांव थाना में रखा गया है। खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त वाहनों पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकरण में 2 से 5 वर्षों की सजा का प्रावधान है और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा। पूर्व में भी खनिज पट्टेदारों एवं खनिज परिवहनकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज का उत्खनन, परिवहन या भंडारण करना कानूनन अपराध है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज विभाग का विशेष अभियान सतत जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जंगल में मिली लाश के मामले में अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** धनराज जंगल में मिली एक व्यक्ति की लाश के मामले में सरायपाली पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि मृतक चैतन सिंह पिता चमरू सिंह (47 साल) डोंगरीपाली थाना सरायपाली जिला महासमुंद की मृत्यु के संबंध में मृतक के परिजन एवं अन्य से पूछताछ करने पर पता चला कि चैतन सिंह का स्वास्थ्य खराब था जिसे इलाज हेतु 8 जून की शाम के समय लंबर ले जाते समय लंबर के पहले पूर्व सरपंच निर्मल जाटवर का ब्रिक्स का फैक्ट्री है, जहां पैसा मांगने के लिए उतरना एवं वहीं से जंगल की ओर अंधेरे का फायदा उठाकर भागना बताया गया। आसपास पता तलाश करने कुछ बता नहीं चला। इसके बाद 9 जून को परिजन एवं गांव के लोगों के द्वारा लंबर के पास धनराज जंगल में खोजने पर मृतक का शव छाती के बल पर पड़ा मिला।

## सपनों की पहली सीढ़ी चढ़े नवप्रवेशी, अतिथियों ने तिलक लगाकर किया स्वागत

# शिक्षा की उड़ान भर रही नई पीढ़ी, कुथरौद शाला में हर्षोल्लास से मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिरमी रावन

शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुथरौद में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। सबसे पहले मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया डॉ मोहन लाल वर्मा सभापति उद्योग एवं सहकारिता समिति जिला पंचायत बलौदाबाजार के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों को पुस्तक-कापी, यूनीफाम वितरित किए गए। शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में सरपंच तारनदास अनंत, जनपद सदस्य उमा अनंत विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच तारनदास अनंत ने कहा कि बच्चों खूब मन लगाकर पढ़े। पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में हिस्सा ले। उन्होंने कहा राज्य सरकार उच्च वर्ग, निम्न वर्ग के सभी बच्चों को समान शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल चल रहा हैं। अब निम्न वर्ग के बच्चे भी अंग्रेजी में पढ़ाई कर रहें है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की शिक्षा नीति से प्रदेश के लोगों में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ा है। ग्रामीण, शहरी, गरीब, किसान, सभी के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान की दिशा में काम कर रही है। डॉं मोहनलाल वर्मा ने विद्यार्थियों का जमकर उत्साह बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ सरकार के शिक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया एवं बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा एक मोस्ट पावरफुल माध्यम है जिससे सर्वांगीण विकास के साथ सभी चीजें हासिल की जा सकती है।यह केवल विद्यालय में प्रवेश का दिन नहीं है, बल्कि सपनों की नई उड़ान भरने का, अपने अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का, और अपनी मंजिल को पाने के लिए पहला कदम बढ़ाने का अवसर है। आपके जीवन की यह नई यात्रा आपके भविष्य की बुनियाद है। जिस तरह एक मजबूत नींव पर सुंदर भवन खड़ा होता है, वैसे ही यह शिक्षा की यात्रा आपके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखेगी। आप सभी मन लगाकर पढ़ें, मैं आप सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। इस अवसर पर उपसरपंच रेखा कृष्ण वर्मा, हेमलता वर्मा पंच, दयाराम यदू पंच, प्रधानपाठक कुमार प्रसाद साहू, कोमल प्रसाद साहू, रूखमणी साहू, गोपिका पटेल, डालिशा वर्मा, और अन्य शिक्षक-शिक्षिका अभिभावक गणमान्य नागरिक सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



### विद्यार्थी जीवन की नई शुरुआत के लिए किया प्रोत्साहित

शाला प्रवेशोत्सव के दौरान वैभव त्रिपाठी ग्रामीण विकास अधिकारी ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया और विद्यालय जीवन की नई शुरुआत के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव केवल नामांकन का अवसर नहीं, बल्कि यह प्रत्येक बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की पहली सीढ़ी है। उन्होंने कहा कि हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचे, यह हम सभी की जिम्मेदारी है। डॉ मोहन लाल वर्मा के द्वारा बच्चों को नेवता भोज कराया गया । कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक सुनील वर्मा ने किया।

### शाश्वत स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

बलौदाबाजार । शाश्वत शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित शाश्वत स्कूल बलौदा बाजार एवं शाश्वत लिटिल स्टार इंग्लिश मीडियम स्कूल बलौदाबाजार में नव प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शाश्वत स्कूल के संचालक प्राचार्य एवं सभी स्टाफ उपस्थित रहे। सभी विद्यार्थियों को एक साथ बिठाकर तिलक लगाकर उनका मुंह मीठा कर प्रवेश उत्सव मनाया गया। स्कूल प्रवेश उत्सव मे शिक्षकों द्वारा नए छात्रों को स्कूल के वातावरण से परिचित कराना और उन्हें अपने नए शैक्षिक जीवन की शुरुआत करने में मदद करना सिखाया गया। इस उत्सव में छात्रों को अपने सहपाठियों और शिक्षकों से मिलने का अवसर मिला और उन्हें स्कूल के नियमों और नीतियों के बारे में जानकारी मिली। शाश्वत स्कूल बलौदा बाजार जिले का एकमात्र स्कूल है जहां स्थानीय बलौदाबाजार के अलावा 8 से 10 किलोमीटर तक के आसपास गांव के लिए निशुल्क वाहन की सुविधा विद्यार्थियों को प्रदान की जाती है, जिससे गाँव से आने वाले विद्यार्थी पढ़ाई से वंचित न रहे।



# निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर, 60 मोतियाबिंद मरीजों की हुई पहचान






हरिभूमि न्यूज ▶▶ कसडोल

एम जी एम नेत्र संस्थान रायपुर एवं कुश की पावन नगरी कसडोल के तत्वाधान में रविवार 6 जुलाई को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें करीब 166 लोगो का नेत्र परीक्षण किया गया तथा परीक्षण में करीब 60 लोगों को मोतियाबिंद होना बताया गया जिसमें से ऑपरेशन के लिए एम जी एम नेत्र संस्थान रायपुर ले जाया गया । वही 58 लोगों को मुफ्त चश्मा वितरण किया गया।

ज्ञात हो कि एम जी एम नेत्र संस्थान रायपुर एवं कुश की नगरी कसडोल के तत्वाधान में मोतियाबिंद जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ, शक्ति स्वरूपा महिला कल्याण समिति, वसुंधरा सामाजिक सेवा संस्थान, माता अन्नपूर्णा सामाजिक सेवा संस्थान, गायत्री परिवार एवं इंदिरा देवी गोरहा शिक्षण समिति के सहयोग से इंदिरा देवी गोरहा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रविवार 6 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक रखा गया था । जिसमें एम जी एम नेत्र संस्थान रायपुर से पहुंचे मनीष साहू समन्वयक, खुशी साहू, धनंजय चंद्रवंशी, एम डी हुसैन, दीपांशु शर्मा, मुस्कान जांगड़े, ऋतु त्रिपाठी द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर करीब 166 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया तथा करीब 39 मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए एम जी एम नेत्र संस्थान रायपुर ले जाया गया। शिविर का शुभारंभ छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ कसडोल के संरक्षक देवेंद्र साहू, प्रदेश सचिव दिनेश मिश्रा, वसुंधरा सामाजिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष अनुराग मिश्रा, माता अन्नपूर्णा सामाजिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष रामफल साहू द्वारा माता सरस्वती के छाया चित्र की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

- एमजीएम नेत्र संस्थान रायपुर के सहयोग से 166 लोगों की हुई आंखों की जांच

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश सचिव दिनेश मिश्रा, शक्ति स्वरूपा महिला कल्याण समिति के अध्यक्ष वर्षा शर्मा, सुनील मिश्रा, मनोज विश्वकर्मा, द्वारिका निर्मलकर, परस राम चंद्रा, दिलीप शुक्ला, किशोर साहू, राज सोनी, बीर सिंह जायसवाल, परमेश्वरी राव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# कुर्मी मंगल भवन में समाज की बैठक संपन्न



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा** । मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज की बैठक केंद्रीय अध्यक्ष खोड़सराम कशयप,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोतीलाल वर्मा के आतिथ्य और राज प्रधान श्रीमति सुनीता वर्मा की अध्यक्षता में तथा नगर अध्यक्ष हेमन्त टिकरिहा के समुचित व्यवस्थापन पर बैठक संपन्न हुआ इस अवसर पर संरक्षक, उपराज प्रधान, राजमंत्री, महिला अध्यक्ष, सचिव, सांस्कृतिक प्रभारी, मीडिया प्रभारी, कार्यकारिणी,पार प्रमुख, ग्राम प्रमुख-क्षेत्र प्रधान, सहित राज के स्वजातीय उपस्थित थे।

# ओंकारबंद धान खरीदी केंद्र परिसर में पौधरोपण कर सुरक्षा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खल्लारी

राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत जिले के सभी पैक्स समितियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत लगभग प्रति समिति में 100 पौधों का रोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत प्राथमिक सेवा सहकारी समिति चरौदा के उपकेंद्र ओंकारबंद में द्वारिकानाथ क्रांत उपायुक्त सहकारी संस्थाएं महासमुंद ने बरगद, संजय गुप्ता वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक महासमुंद ने आम, पीएल सिन्हा शाखा प्रबंधक बागबाहरा ने अशोक, जयप्रकाश साहू संस्था प्रमुख प्राथमिक सेवा सहकारी समिति चरौदा ने नीम तथा अन्य सभी कर्मचारियों ने फलदार,



छायादार पौधों का रोपण कर सुरक्षा का संकल्प लिया।

बता दें कि छत्तीसगढ़ सरकार की मंशानुरूप जिले के उपायुक्त सहकारी संस्थाएं महासमुंद द्वारकानाथ क्रांत ने सहकारी समितियों के खाली जगहों पर छायादार अथवा फलदार पौधे रोपने के निर्देश जिले के सहकारी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को दिए थे।

# डिप्टी डायरेक्टर करमन खटकर के सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़पार सरसीवां

बीते सप्ताह लोक शिक्षण संचालनालय, इंद्रावती भवन रायपुर में पदस्थ डिप्टी डायरेक्टर करमन खटकर सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर करमन खटकर को भावभीनी विदाई दी गई जहां वित्त नियंत्रक मासिया जी, डिप्टी डायरेक्टर आशुतोष चावड़े, हेतराम सोम, संजय गुप्ता, अशोक नारायण बंजारा सहित कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित थे।

करमन खटकर ने बताया की उनकी पहली नियुक्ति 1985 में शिक्षक के पद पर ख़डमा में हुई , वे शा.उ.वि कटगी, सरसीवां में व्याख्याता के पद पर सेवाएं दी, कटगी में ही प्राचार्य पद पर,डाइट रायपुर में उप प्राचार्य, एस सी आर टी रायपुर में प्राध्यापक, गरियाबंद में जिला शिक्षा अधिकारी पद पर रहे।



बीते सप्ताह ही शिक्षा संचालनालय रायपुर में उप संचालक के पद पर रहते हुए सेवानिवृत हुए। वे सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के सरसीवां अंचल के छोटा सा गांव मुड़पार के मूल निवासी हैं। वे संघर्षों, चुनौतियों को आत्मसात करते जीवन पर अग्रसर होते शिक्षा को हृदयगंम किया। इन्होंने उच्च शिक्षा एम ए भूगोल, एम ए राजनीति विज्ञान मे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया। बी एड तथा एम एड प्रावीण्य स्थान प्राप्त किया।

जहां भी रहे वहां कुशलता के साथ अपनी सेवा दी। चाहे शैक्षणिक संस्थानों मे, चाहे डाइट प्रशिक्षण संस्थान में, या चाहे राज्य शैक्षणिक एव अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में हर जगह लगन, तन्मयता के साथ अकादमिक कार्य करने में अपनी अहम भूमिका निभाए। इसी दिन इस कार्यालय से दो सहायक संचालक, लिपिकीय संवर्ग से एक, चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी से एक कुल पांच अधिकारी व कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। करमन खटकर के सेवानिवृत के पश्चात घर आगमन पर परिवार के सदस्यों ने उनका स्वागत किया।

## कवियों ने प्रस्तुत कीं भावभीनी रचनाएं, दो मिनट का मौन धारण कर याद किया गया

# बिलाईगढ़ के साहित्यकारों ने डॉ सुरेंद्र दुबे की स्मृति में की शोक सभा और काव्य गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पवनी

अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे जी के आकस्मिक निधन हो जाने पर विकासखंड बिलाईगढ़ के क्षेत्रीय साहित्यकारों द्वारा समलाई माता मंदिर के परिसर देवांगन समाज भवन में शोकसभा सह काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित साहित्यकारों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि पद्मश्री स्वर्गीय डॉ सुरेंद्र दुबे जी के छायाचित्र पर श्रीफल तथा पुष्प अर्पित करते हुए शोकसभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन धारण किए।



इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार रेशमलाल देवांगन ने श्रद्धासुमन अर्पित कर हास्यकवि पद्मश्री डॉक्टर सुरेंद्र दुबे जी का आकस्मिक निधन छत्तीसगढ़ राज्य सहित देश के लिए अपूर्णीय क्षति है छत्तीसगढ़ी साहित्य के प्रणेता हास्य कवि सदैव अमर रहेंगे जिन्होंने कविता को विश्वपटल पर पहुंचाने का कार्य किया।नीलकुमार चेलक ने श्रद्धांजलि गीत प्रस्तुत किया। वरिष्ठ कवि शशिभूषण स्नेही ने दुबे जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उद्बोधन कर माटी होही तोर चोला कविता प्रस्तुत किए।

राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन, लोकनाथ ताण्डेय ने मुक्तक रचना के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित किए, हेमंत कुमार साहू ने डॉक्टर सुरेंद्र दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी ही कविता टाईगर अभी जिंदा हे प्रस्तुत किए। मदनलाल तोमर, महादेव जायसवाल ने श्रद्धांजलि अर्पित कर डॉ सुरेंद्र दुबे जी साहित्य जगत में योगदान पर प्रकाश डालते हुए संबोधित किए।

## पेज 9 के शेष

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ...

कोलकाता विश्वविद्यालय में अंग्रेजों की गुलामी के प्रतीक चिन्ह को बदलकर खिलते कमल के मध्य श्री लिखवाया जो भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। उनका जीवन भारत के अखंड और शक्तिशाली राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित था पंडित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की राजनीति को एक नई दिशा दी उन्होंने भारतीय जन संघ की स्थापना की जो कालांतर में भारतीय जनता पार्टी भाजपा का मूल आधार बना वे लोकतांत्रिक मूल्य के प्रबल समर्थक थे उन्होंने कांग्रेस के एकाधिकार के खिलाफ वैचारिक विपक्ष खड़ा किया और भारतीय जन संघ की स्थापना की ताकि एक मजबूत वैकल्पिक विचारधारा देश के सामने आए उनकी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका जम्मू कश्मीर के भारत में पूर्ण एकीकरण के मुद्दे पर रही उन्होंने एक देश में दो निशान दो प्रधान दो विधान नहीं चलेंगे का नारा दिया और अपने प्राणों की आहुति देकर इस विचार को जनमानस में स्थापित किया।

### ग्राम कारी में ...

उसे भी कब्जा मुक्त करा दिया गया। सतनामी समाज के लोगों का कहना है कि वर्तमान में हम लोग शासकीय भूमि पर काबिज होकर अपना व परिवार का पालन पोषण कर रहे है। उक्त जमीन पर हम 40 वर्षो से रहकर जीवन यापन करते आ रहे है। लेकिन ग्राम पंचायत के द्वारा दुर्भावनावश केवल हम लोगों के खिलाफ ही हर वर्ष कार्यवाही किया जाता है। जबकि गांव में विभिन्न जगहों पर शासकीय भूमि पर बेजा कब्जा गांव के ही लोगों के द्वारा किया गया है।

### अनियंत्रित कार की ...

पहुंचकर जांच पड़ताल करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराने सीएचसी कसडोल लेकर पहुँचे जहाँ देर शाम पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। ज्ञात हो कि मृतिका रामायण बाई दिव्याकार नगर में संचालित आद्या अस्पताल के संचालक डॉ. सुरेंद्र दिव्याकार की माता जी है। इधर असामयिक मौत पर नगर वाशियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

## खबर संक्षेप



### भटगांव में मनाई गई डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

भटगांव। भाजपा मंडल भटगांव में पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती पूरे मंडल के हर बूथ में मनाया गया। नगर पंचायत भटगांव में आज मंडल के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा यादव भवन में मुखर्जी जी का तेलचित्र की पूजा कर जन्म जयंती मनाया गया। इस कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं एवं शाला विकास समिति अध्यक्षों को एक एक छायादार, फलदार पौधों का वितरण किया गया। जिससे प्रकृति को संरक्षित किया जा सके। उक्त कार्यक्रम में भाजपा मंडल भटगांव की सभी कार्यकर्ता शामिल रहे।

### मीना बाजार में अज्ञात व्यक्ति ने की मारपीट

**महासमुंद**। मीना बाजार घूमने गए एक व्यक्ति के साथ पिथौरा में अज्ञात व्यक्ति ने मारपीट कर दी। पुलिस को प्रार्थी कुपेश बरिहा ग्राम पाटनदादर डीपापारा थाना सांकरा ने बताया कि 5 जुलाई को अपने बड़े भाई राजेश बरिहा, दोस्त खगेश्वर खडिया के साथ पिथौरा में मीना बाजार घूमने आया था। मीना बाजार के बाहर हम तीनों निकले थे। उसी समय एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे धक्का दिया, जब उसे पूछा धक्का क्यों दे रहा है, इतने में गाली गलौज कर अज्ञात व्यक्ति एवं उसके अन्य दो-तीन साथियों ने पकड़कर पेट में चाकू नुमा किसी वस्तु से मार कर चोट पहुंचाया। जब उसका भाई राजेश बरिहा बीच बचाव करने आया तो उसके साथ भी मारपीट व जान से मारने की धमकी देकर आरोपी भाग गए।

### शराब का अवैध विक्रय और परिवहन, आरोपियों पर कार्रवाई

**महासमुंद**। शराब के अवैध विक्रय और परिवहन के मामलों पर जिले की पुलिस ने कार्रवाई की है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना पर ग्राम मनबाय पहुंचकर आरोपी विकास पिता श्याम सुंदन निराला (35) के कब्जे से महुआ शराब कुल 6 लीटर कीमत 1200 रुप एवं बिक्री रकम 1200 रुपए कुल 2400 रुपए को जब्त किया। सिटी कोतवाली महासमुंद पुलिस ने बताया कि तुमाडबरी स्कूल के पास एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन व मसाला शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर सूचना मिली थी की एक व्यक्ति बेमचा भट्ठी से अधिक मात्रा में शराब लेकर स्कूटी से महासमुंद की ओर जाने वाला है।

## निधन

### मनहरण पांडेय



**सिमगा** । नगर के प्रतिष्ठित व्यक्ति मनहरण पांडेय का 70 वर्ष का रविवार को निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार सोमवार को रायपुर स्थित महादेव घाट के मुक्ति धाम में सुबह 11 बजे किया जाएगा। वे नितिन पांडेय, नितेश पांडेय (बालू), मीता पांडेय (पिंकी) के पिता थे।

---

### सभी ग्रामवासी लें संकल्प-हमारा गांव हो स्वच्छ, सुंदर और विकसित

# नाली निर्माण के लिए 20 लाख की घोषणा, शिवरतन बोले-गांव के विकास में कोई कमी नहीं आने दूंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

ग्राम लिमतरा में भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि गांव में विकास के लिए कोई भी कमी नहीं होगी। इसके लिए सोच होनी चाहिए मैं इस मंच के माध्यम से आप सभी से निवेदन करता हूं सभी ग्रामवासी एक जुट होकर यह संकल्प ले कि हमको ग्राम में विकास करना है पैसा स्वीकृत करा कर देने की जवाबदारी मेरी है लेकिन अकेले सरपंच कुछ भी नहीं कर सकती सरपंच की ताकत समस्त ग्रामवासी हैं।

मैं नाली निर्माण के लिए 20 लख रुपए की घोषणा करता हूं लेकिन नाली निर्माण में किसी भी प्रकार की व्यवहारिक दिक्कत नहीं आनी चाहिए समस्त ग्रामवासी एक होकर अपने घर के सामने से नाली निर्माण में सहयोग करेंगे तो गांव सुंदर दिखेगा। शर्मा ने कहा भारतीय जनता पार्टी जो कहती है उसे पूरा करती है चुनावी घोषणा पत्र में किसानों को 2 साल का बकाया बोनस 21 क्विंटल धान खरीदी 3100 में की गई थी। यह घोषणा पूरी हो चुकी है और प्रत्येक वर्ष किसानों के फसल को खरीदने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है महतारी योजना के माध्यम से प्रत्येक महिला को 1000 राशि दी जा रही है।

उन्होंने कहा आप सब के आशीर्वाद से मैं तीन बार विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया हूं। मैं विधायक रहा या नही रहा मैंने प्रयास किया मेरे विधानसभा क्षेत्र में रोटी, कपड़ा, मकान, सड़क, बिजली, पानी की पर्याप्त व्यवस्था हो सके मुझे गर्व है भाटापारा विधानसभा क्षेत्र का कोई भी गांव बिना सड़क के नहीं है। भाटापारा शाखा नहर के माध्यम से लगातार अंतिम छोर करही, मेकरी, तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था भारतीय जनता पार्टी की सरकार कर रही है।

उन्होंने अपील करते हुए कहा कि नशा जीवन को खराब कर देता है इंसान की सोच को खराब कर देता है इंसान के व्यवहार को खराब कर देता है विचार को खराब कर देता है संस्कारों को खराब कर देता है हम सब अगर मिलकर तय कर ले कि पूरे भाटापारा विधानसभा क्षेत्र को नशा मुक्त बनाना है तो इसे दुनिया की कोई भी ताकत नहीं रोक सकती लेकिन इसके लिए प्रण लेना होगा तब हमको सफलता हासिल होगी।



#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला महामंत्री राकेश तिवारी, महामंत्री हेम सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, मंडल अध्यक्ष नारायण साहू, चोवाराम साहू, चोवाराम निषाद, प्रभु निषाद, राजकुमार निषाद, नारायण पाल, लखन अग्रवाल, ईश्वर साहू, जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य शशि आनंद बंजारे, जनपद सदस्य जीत त्रिलोक कुर्रे, सभापति चंद्र प्रकाश टोंडे, पंचायत जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

#### नशामुक्त समाज के लिए एकजुटता की अपील, कांग्रेस विधायक पर साधा निशाना

शर्मा ने कहा डेढ़ साल हो गए कांग्रेस के विधायक को चुनाव जीते आपके बीच में कितनी बार आए हैं 3 करोड रुपए की राशि उनका विधायक निधि से मिलती है उसे राशि से कितना पैसा वह आपकी ग्राम पंचायत में दिए हैं यह आप सबको विधायक से पूछने का अधिकार है वोट देने के साथ-साथ अपने अधिकार की जानकारी भी मतदाता को होना चाहिए। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान नेता अनिल पांडे ने कहा कि गांव में विकास कार्यों के लिए आप शिवरतन शर्मा से निवेदन करते हो जब वोट देने की पारी आती है तो आप भारतीय जनता पार्टी के परिवार से अपने आप को अलग क्यों समझते हो। आप सभी को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि कौन सा जनप्रतिनिधि हमारे सुख दुख में हमारे बीच में उपस्थित रहता है ऐसे जनप्रतिनिधि का चुनाव करके हम एक मिसाल कायम करें। कार्यक्रम को भाजपा के जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने भी संबोधित किया।

## देवसुन्द्रा-कोदवा सड़क आठ साल से अधूरी, ग्रामीणों में आक्रोश

**संडी बंगला**। क्षेत्र के विकास की बात करने वाले जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार अधिकारी उस समय कटघरे में खड़े नजर आते हैं, जब आठ वर्षों से अधूरी पड़ी मुख्य सड़क आज भी सैकड़ों ग्रामीणों की मजबूरी बनी हुई है। ग्राम देवसुन्द्रा से कोदवा को जोड़ने वाली मुख्य सड़क वर्षों से बदहाल स्थिति में है, जिससे आसपास के एक दर्जन से अधिक गांवों के हजारों लोगों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस मार्ग से ग्रामीणों को जिला सहकारी बैंक कोदवा, तहसील कार्यालय संडी सहित अन्य आवश्यक कार्यालयों तक पहुंचना होता है, लेकिन सड़क की खस्ता हालत के कारण आवागमन किसी जंग से कम नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दिनों में हालात और भी बदतर हो जाते हैं – कीचड़, गड्ढे और फिसलन के कारण बाइक और साइकिल तक चलाना मुश्किल हो जाता है।



#### ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

इस अधूरी सड़क पर सबसे अधिक आश्रित गांवों में देवसुंद्रा, खपरी, साराडीह, गाड़ाभाठा, टीला, सरकीपार, भोथाडीह, अमलीडीह, छिराही, सुंदरी और ससहा प्रमुख हैं। इन गांवों के स्कूली छात्र, बुजुर्ग, किसान और रोजमर्रा के काम से निकलने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार जनप्रतिनिधियों, पंचायतों और विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन आश्वासन के अलावा अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। इस मार्ग का निर्माण कार्य अगर समय रहते शुरू नहीं किया गया, तो ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

#### सड़क का शीघ्र निर्माण है आवश्यक

जनता की बुनियादी जरूरतों की अनदेखी करना कहीं न कहीं शासन-प्रशासन की संवेदनहीनता को उजागर करता है। देवसुन्द्रा-कोदवा मुख्य सड़क का शीघ्र निर्माण क्षेत्रीय विकास और जनसुविधा के लिए अत्यंत आवश्यक है।

---

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर खरोरा में संगोष्ठी और वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) खरोरा मंडल ने आज प्रखर राष्ट्रवादी, स्वतंत्रता सेनानी और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती को भव्यता के साथ मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके तैलचित्र पर गुलाल लगाकर माल्यार्पण किया, एक प्रेरक संगोष्ठी का आयोजन किया और पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अभियान चलाया।

यह कार्यक्रम राष्ट्र सेवा और पर्यावरण जागरूकता का अनूठा संगम बन गया। कार्यक्रम का मंच संचालन नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन ने अपनी कुशल सूझबूझ के साथ किया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता और वरिष्ठ कार्यकर्ता रोशन चंद्राकर ने डॉ. मुखर्जी के जीवन को राष्ट्र सेवा और बलिदान का प्रतीक बताते हुए कहा कि आज का वृक्षारोपण डॉ. मुखर्जी के समृद्ध भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। भाजपा मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा ने डॉ. मुखर्जी के ऐतिहासिक नारे एक देश, एक निशान, एक विधान को दोहराते हुए पर्यावरण संरक्षण को राष्ट्र की एकता से जोड़ा। उन्होंने कहा, हमें उनके आदर्शों को अपनाकर भारत को हर क्षेत्र में मजबूत करना है।

■ डॉ. मुखर्जी के बलिदान और विचारों से प्रेरित होकर पौधारोपण का लिया संकल्प

पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने में डॉ. मुखर्जी के बलिदान को याद करते हुए कार्यकर्ताओं से उनके मार्ग पर चलने का आह्वान किया। नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता सोनी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन हमें सिखाता है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है, और पर्यावरण संरक्षण भी उसी का हिस्सा है। सुमित सेन ने कहा, कि वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाएगा, बल्कि डॉ. मुखर्जी की दूरदर्शी सोच को भी जीवंत रखेगा।



#### कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण

कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर क्षेत्र में दर्जनों पौधे रोपे, जिनमें नीम, पीपल, बरगद, अशोक और अन्य छायादार व फलदार वृक्ष शामिल थे। सभी ने इन पौधों की देखभाल का सामूहिक संकल्प लिया, ताकि खरोरा को हरियाली और स्वच्छता का प्रतीक बनाया जा सके। संगोष्ठी में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों, भारत की एकता और सांस्कृतिक गौरव के लिए उनके योगदान को याद किया और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का प्रण लिया।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता सोनी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, सुनील नायक, पिछड़ा वर्ग मोर्चा से परस नायक, महिला मोर्चा अध्यक्ष पूर्णिमा धनकर, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि भूपेंद्र सेन, भाजपा मंडल कार्यालय प्रभारी दीपक धनकर, पार्षद मनीषा कोशले, पार्षद अम्बिका बंछोर, पार्षद हेमलता नशीने, पार्षद लीला देवांगन, पार्षद पंचराम यादव, पार्षद जयप्रकाश वर्मा, शिवलाल देवांगन, शकुन डहरिया, श्रवण भोई, वीरेंद्र बंजारे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## कठिया में चला मां के नाम पौधारोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

ग्रामीण सेवा सहकारी समिति कठिया नं. 1 (पंजीयन क्रमांक 414, शाखा तिल्दा) मे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत धान खरीदी फड़ परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपण किया गया।

समिति संचालक घनश्याम साहू, ऑपरेटर तिलक वर्मा एवं दिनेश कुमार यदु की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इन सभी ने व्यक्तिगत रूप से वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान भरुवाडीह कला के कृषक धीरेंद्र कुमार वर्मा, सेतराम वर्मा एवं अन्य उपस्थित जनों ने यह संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल की जाएगी ताकि वे पूर्ण वृक्ष बनकर आने वाली पीढ़ियों को लाभ पहुंचा सकें। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल हरियाली बढ़ाना था, बल्कि मातृत्व को सम्मान देने की भावना को भी जन-जन तक पहुंचाना था। समिति द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार के सामाजिक व पर्यावरणीय कार्यक्रमों के आयोजन की योजना बनाई जा रही है।



### सहकारिता सप्ताह में भावनात्मक हरियाली की पहल



**बगबुड़ा** । सहकारिता सप्ताह के शुभ अवसर सहकारी समिति परिसर में । 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। यह अभियान न केवल हरियाली बढ़ाने का प्रयास है, बल्कि इससे जुड़ी भावनात्मक अभिव्यक्ति इसे विशेष बना रही है। भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के निर्देश पर पूरे देश में सहकारिता सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत बलौदाबाजार जिले में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी मे लाहोद समिति मे 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें प्रथम चरण के अंतर्गत जिले की सहकारी समितियों के परिसरों में छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया जा रहा है अध्यक्ष रमेश साहू ने कहा कि माँ के नाम पौधा लगाना केवल प्रकृति की सेवा नहीं, बल्कि अपनी जड़ों और भावनाओं से जुड़ने का माध्यम है। यह पौधा एक स्मृति, एक श्रद्धा और एक जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस पहल से जुड़ें और पर्यावरण की रक्षा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। समिति प्रबंधक रामनारायण पटेल ने कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ इन पौधों की नियमित देखभाल भी जरूरी है। इसके लिए सहकारी समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं ताकि लगाए गए पौधे सुरक्षित रूप से पनप सकें और आने वाली पीढ़ियों को इसका लाभ मिल सके। इस कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष रमेश कुमार साहू, सरपंच किशोर कुमार साहू, हितेश साहू, सियाराम साहू ग्राम के अन्य वरिष्ठ नागरिक संतोष कुमार साहू, कार्तिक राम साहू, गोविंद पटेल, राजकुमार पटेल, देवनाथ साहू, रामकृष्ण साहू, तिजेश साहू, ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### सरसेनी समिति में मां के नाम पौधारोपण



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा** । सहकारिता सप्ताह के पावन अवसर पर ग्रा. सेवा सहकारी समिति सरसेनी गुमा प. क्रमांक 324 के परिसर में प्रा. अध्यक्ष अनूप साहू ने सरपंच, पंच और जनपद सदस्य के साथ /"एक पेड़ मां के नाम/"देश के यशस्वी प्रधान मंत्री मोदी जी के गौरव पूर्ण अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान प्रदान किया, इस अभियान मे सहायक लिपिक पोषण बंछोर, गोपाल वर्मा, डाटा एंट्री ऑपरेटर विवेक साहू, मनीष साहू, चौकीदार तुलस राम वर्मा और अन्य कर्मचारियों और अन्य किसानों ने महती योगदान प्रदान किया, यह कार्यक्रम भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के आव्हान पर पूरे देश प्रदेश में मनाया जा रहा है, यह कार्यक्रम हरियाली बढ़ाने की भावनात्मक लगाव की अभिव्यक्ति है।

---

### प्रो. डॉ. शुभाषीस सान्याल ने दिए सफलता के सूत्र

# प्रेरणा विद्यालय कठिया में हुआ विशेष अतिथि व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

समीपस्थ ग्राम कठिया स्थित प्रेरणा विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनआईटी रायपुर में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में प्रतिष्ठित प्रोफेसर और डीन (शोध और परामर्श) डॉ. शुभाषीस सान्याल और पत्रकारिता में स्वर्ण पदक विजेता गोपा सान्याल उपस्थित हुए।

डॉ. सान्याल ने एनआईटी रायपुर में विभागाध्यक्ष के रूप में कार्य किया और उन्हें जीएसएफसी और आईएसटीई राष्ट्रीय पुरस्कार और आईईआई छत्तीसगढ़ से उत्कृष्ट इंजीनियरिंग शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। गोपाल सान्याल ऑल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन के साथ पत्रकार, समाचार एंकर और संपादक के रूप में 25 से अधिक वर्षों का अनुभव रखती हैं। डॉ. सान्याल ने बच्चों को मेहनत करने के साथ-साथ ही सही दिशा में मेहनत करने की प्रेरणा प्रदान की और जीवन में सचेत रहने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि बच्चों पर विश्वास करने और जिम्मेदारियां देने पर उन्हें आत्मविश्वास बढ़ता है और यही आत्मविश्वास उन्हें आगे बढ़ाने में सहयोग प्रदान करता है। उन्होंने शिक्षकों के महत्व को समझाते हुए कहा कि शिक्षक दिशा निर्देश के रूप में सदा आपका लाभ चाहते हैं और अध्ययन में सवाल करने से आपकी ज्ञान में वृद्धि होती है।



#### पत्रकार गोपा सान्याल ने विद्यार्थियों को दी प्रेरणा

उन्होंने याद करने की तकनीक के बारे में भी बताया कि बोलते हुए बार-बार पढ़ने और लिख-लिख कर अभ्यास करने से आपको चीजें याद रहती हैं। अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि सफल होने के लिए हमेशा आपके अंदर में सीखने की जिज्ञासा होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि आधारभूत शिक्षा जीवन में आपको आगे सहयोग करती है और बच्चों को पॉइंट बनाकर पढ़ना चाहिए। दोनों अतिथियों ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा किए गए प्रश्नों के जवाब देते हुए बड़ी ही सरलता से बच्चों को प्रेरणा प्रदान की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सफलता की कहानियां और प्रेरणा मिली जिससे उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

